दिनांक-27जनवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

गणतंत्र दिवस के अवसर पर महापौर देवेंद्र यादव ने किया ध्वजारोहण , स्वच्छता की ली गई शपथ

नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सहित अनुविभाग कार्यालयों में उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया! अनुविभाग कार्यालयों में प्रातः 7:00 बजे जोन समिति के अध्यक्ष के द्वारा ध्वजारोहण किया गया! समस्त क्षेत्रों में साफ सफाई की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी! निगम के कार्यालयों में सफाई के साथ-साथ चूना मार्किंग की गई साथ ही रंगाई/पुताई कार्य भी किया गया , सप्ताह भर पहले से गणतंत्र दिवस के लिए तैयारियां निगम द्वारा प्रारंभ कर दी गई थी! निगम द्वारा गणतंत्र दिवस पर शहरी गौठान का मॉडल झांकी के लिए तैयार किया गया था , इस मॉडल की खूब सराहना की गई और यह झांकी प्रथम स्थान पर रही! निगम के कार्यालयों में रात्रि कालीन प्रकाश व्यवस्था भी किया गया था, चौक चौराहों में महापुरुषों की प्रतिमाओं के माल्यार्पण के लिए तैयारियां की गई थी आसपास सफाई भी कराई गई! मुख्य कार्यालय में प्रातः 7:30 बजे ध्वजारोहण महापौर देवेंद्र यादव ने किया इससे पूर्व भारत माता के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण किया गया! ध्वजारोहण पश्चात राष्ट्रगान प्रारंभ किया गया! तत्पश्चात दिव्यांग बच्चों द्वारा अरपा पैरी के धार के गायन की शानदार प्रस्तुति दी गई! 7 से 8 बच्चों की टीम के दिव्यांग बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत गाना गाया गया जोकि मंत्रमुग्ध कर देने वाला था!

जल ही जीवन है!